DATE :- 01-06-2026

DAINIK BHASKAR, PAGE-12, SURAT

अहमदाबाद • गरबा-उत्तरायण थीम, 750 वोल्ट डीसी प्रणाली से लैस देश की पहली स्वदेशी मेट्रो

350 करोड़ रु. की लागत से जून के अंत तक 10 नई ड्राइवरलेस मेट्रो ट्रेनें आएंगी

भास्कर न्यूज़ | अहमदाबाद

अहमदाबाद मेट्रो के लिए पश्चिम बंगाल की टीटागढ़ रेल सिस्टम्स द्वारा पूरी तरह स्वदेशी अत्याधुनिक चालक रहित (ऑटोमेशन ग्रेड 4) मेट्रो ट्रेन तैयार की जा रही है। गरबा और उत्तरायण थीम वाली 3 डिब्बों की एक ट्रेन की कीमत 35 करोड़ रुपये है। कुल 350 करोड़ रुपये की लागत से ऐसी 10 ट्रेनों का ऑर्डर दिया गया है। इससे पहले अहमदाबाद की 32 ट्रेनें दक्षिण कोरिया से आई थीं, जबकि ये 10 ट्रेनें 'मेक इन इंडिया' के तहत भारत में बनाई गई हैं।

जून के अंत में ट्रेनें आने के बाद रेलवे रिसर्च डिजाइंस एंड स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन एवं कमिशनर ऑफ मेट्रो रेल सेफ्टी द्वारा 6 से 8 महीने तक सिस्टम और सुरक्षा का गहन परीक्षण किया जाएगा। इसके बाद ही इन्हें यात्रियों के लिए शुरू किया जाएगा।

प्रति घंटे 80 से 90 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ेंगी

मजबूत निर्माणः आकर्षक स्टेनलेस स्टील बॉडी के साथ पटरियों पर 80 से 90 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने में यह मेट्रो सक्षम होगी।

उन्नत सुविधाएंः यह पूरी तरह वातानुकूलित, स्वचालित संचालन, डिजिटल सूचना प्रदर्शन प्रणाली और स्मार्ट यात्री सूचना व्यवस्था से लैस होगी।

सुरक्षा और मेंटेनेंसः सीसीटीवी कैमरों और अग्नि पहचान प्रणाली से सुसज्जित। शुरुआत में रखरखाव ग्यासपुर में होगा और इसके बाद डिपो तैयार होने के बाद इसे गांधीनगर के इंद्रोडा स्थित डिपो में स्थानांतरित किया जाएगा।